# कार्यालय नगर पालिका परिषद् सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)

क्रमांक 2473 /रा./न.पा./2025 सिवनी मालवा दिनांक 22/7/25

**म.प्र.नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 109 के तहत मध्यप्रदेश नगरपालिका (अचल सम्पत्ति का अंतरण) नियम–2016 के नियमों के अंतर्गत ऑफलाईन निविदा आमंत्रण सूचना"**

नगर पालिका परिषद सिवनी मालवा द्वारा नगर पालिका स्वामित्व की दुकानो की नीलामी की सूचना ऑफलाईन आमंत्रित की जाती है। म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 109 के तहत् मध्यप्रदेश नगर पालिका (अचल सम्पत्ति का अंतरण) नियम–2016 तथा संशोधन अधिसूचना क्रमांक 08–एफ–01–2016 अठारह–3 भोपाल दिनांक 04 मई 2021 व संशोधन अधिसूचना भोपाल दिनांक 28 मई 2023 के नियमों के अनुसार तालिका में वर्णित सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ऑफलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। **प्रथम लिफाफा (A) मे अर्नेस्ट मनी (सुरक्षा निधि) एफ.डी.आर./डी.डी/नगद जमा की मूल रशीद के रूप मे एवं आरक्षित वर्ग का होने पर संबंधित विभाग के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण, मेडिकल बोर्ड का प्रमाणपत्र आधार कार्ड आदि एवं द्वितीय लिफाफा (B) में निविदा दर निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत करना होगा। अर्नेस्ट मनी एवं संबंधित विभाग के सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र, विकलागंता प्रमाण पत्र मेडिकल बोर्ड का प्रमाणपत्र आदि प्रथम लिफाफा (A) में सही–सही पाई जाने पर ही निविदा दर का लिफाफा (B) खोला जावेगा।** प्रत्येक लिफाफे पर निविदादाता का नाम तथा जिस दुकान के लिये निविदा आकार प्रस्तुत किया जा रहा है, उसका स्पषट अक्षरों में उल्लेख किया जाना अनिवार्य होगा। दुकान के आरक्षित मूल्य से अधिक राशी के प्रस्ताव/दर प्राप्त होने पर ही स्वीकृति उपरांत अंतरण की कार्यवाही की जावेगी। इस कार्य हेतु प्रत्येक दुकान हेतु पृथक–पृथक ऑफलाईन निविदा प्रपत्र दिनांक 01/08/25 समय प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 01/09/25 समय शाम 6.00 बजे तक राशि रुपये 2000/– नगर पालिका मुख्य कार्यालय की राजस्व शाखा में जमा कर क्रय किये जा सकते है, तथा प्रतिभूति निक्षेप (सुरक्षा निधि) की राशि पृथक–पृथक दुकान हेतु 25000/– रुपये एफ.डी.आर./अमानत के रुप में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका सिवनी मालवा के नाम से जमा की जावेगी।

## मां रेवा भूतल शांपिग काम्पलेक्स सिवनी मालवा

| क्र. | दु. न. | शापिंग काम्पलेक्स का नाम | दुकान का साईज (वर्ग फीट) | आरक्षण वर्ग की स्थिति | आरक्षित मूल्य | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 20 | मॉ रेवा शापिंग काम्प. भूतल सि.मा. | 13.50 x 25 | आरक्षित (अ.ज.जा) | 690000/– | 25000/– | 2000/– |
| 2 | 25 | मॉ रेवा शापिंग काम्प. भूतल सि.मा. | 15.70 X13.50 | आरक्षित (अ.ज.जा) | 435000/– | 25000/– | 2000/– |

## मां रेवा प्रथम तल शांपिग काम्पलेक्स सिवनी मालवा

| क्र. | दु. न. | शापिंग काम्पलेक्स का नाम | दुकान का साईज | आरक्षण वर्ग की स्थिति | आरक्षित मूल्य | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 10 | मॉ रेवा शापिंग काम्प. प्रथम तल सि.मा. | 14.50 x 10 | अनारक्षित | 535000/– | 25000/– | 2000/– |
| 4 | 11 | मॉ रेवा शापिंग काम्प. प्रथम तल सि.मा. | 10 x 14.90 | आरक्षित (पिछडा) | 305000/– | 25000/– | 2000/– |
| 5 | 12 | मॉ रेवा शापिंग काम्प. प्रथम तल सि.मा. | 10 x 14.90 | आरक्षित (शिक्षित) | 305000/– | 25000/– | 2000/– |
| 6 | 13 | मॉ रेवा शापिंग काम्प. प्रथम तल सि.मा. | 10 x 14.90 | अनारक्षित | 305000/– | 25000/– | 2000/– |
| 7 | 14 | मॉ रेवा शापिंग काम्प. प्रथम तल सि.मा. | 10 x 14.90 | आरक्षित (विधवा) | 305000/– | 25000/– | 2000/– |
| 8 | 17 | मॉ रेवा शापिंग काम्प. प्रथम तल सि.मा. | 10 x 14.80 | आरक्षित (महिला) | 305000/– | 25000/– | 2000/– |
| 9 | 18 | मॉ रेवा शापिंग काम्प. प्रथम तल सि.मा. | 10 x 14.80 | अनारक्षित | 305000/– | 25000/– | 2000/– |
| 10 | 19 | मॉ रेवा शापिंग काम्प. प्रथम तल सि.मा. | 10 x 14.80 | आरक्षित (अ.जा) | 305000/– | 25000/– | 2000/– |
| 11 | 20 | मॉ रेवा शापिंग काम्प. प्रथम तल सि.मा. | 15 x 25 | आरक्षित (अ.ज.जा) | 765000/– | 25000/– | 2000/– |
| 12 | 21 | मॉ रेवा शापिंग काम्प. प्रथम तल सि.मा. | 14 x 25 | अनारक्षित | 715000/– | 25000/– | 2000/– |
| 13 | 22 | मॉ रेवा शापिंग काम्प. प्रथम तल सि.मा. | 13 x 25 | आरक्षित (पिछडा) | 665000/– | 25000/– | 2000/– |
| 14 | 23 | मॉ रेवा शापिंग काम्प. प्रथम तल सि.मा. | 13 x 24.60 | अनारक्षित | 665000/– | 25000/– | 2000/– |
| 15 | 24 | मॉ रेवा शापिंग काम्प. प्रथम तल सि.मा. | 18.65 x 24.60 | अनारक्षित | 975000/– | 25000/– | 2000/– |
| 16 | 25 | मॉ रेवा शापिंग काम्प. प्रथम तल सि.मा. | 18.65 x 24.60 | आरक्षित (अ.ज.जा) | 975000/– | 25000/– | 2000/– |

## वीर सावरकर शांपिग काम्पलेक्स सिवनी मालवा

| क्र. | दु. न. | शापिंग काम्पलेक्स का नाम | दुकान का साईज | आरक्षण वर्ग की स्थिति | आरक्षित मूल्य | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | 11 | वीर सावरकर शापिंग काम्प. सि.मा. | 14 x 09.06 | आरक्षित (शिक्षित) | 289815/– | 25000/– | 2000/– |
| 18 | 12 | वीर सावरकर शापिंग काम्प. सि.मा. | 21.02 x 09.06 | आरक्षित (पिछडा) | 447426/– | 25000/– | 2000/– |
| 19 | 13 | वीर सावरकर शापिंग काम्प. सि.मा. | 09 x 09.08 | अनारक्षित | 190779/– | 25000/– | 2000/– |
| 20 | 14 | वीर सावरकर शापिंग काम्प. सि.मा. | 14.07 x 09.10 | आरक्षित (अ.जा) | 314045/– | 25000/– | 2000/– |

## खेडापति भूतल शांपिग काम्पलेक्स सिवनी मालवा

| क्र. | दु. न. | शापिंग काम्पलेक्स का नाम | दुकान का साईज | आरक्षण वर्ग की स्थिति | आरक्षित मूल्य | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | 26 | खेडापति भूतल शापिंग काम्प. सि.मा. | 130 वर्ग फुट | आरक्षित (अ.जा) | 27700/– | 25000/– | 2000/– |

## कंदेली शांपिग काम्पलेक्स सिवनी मालवा

| क्र. | दु. न. | शापिंग काम्पलेक्स का नाम | दुकान का साईज | आरक्षण वर्ग की स्थिति | आरक्षित मूल्य | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 22 | 06 | कंदेली शापिंग काम्प. बानापुरा | 11.87 x 8.36 वर्ग फुट | आरक्षित (अ.जा) | 511000/– | 25000/– | 2000/– |

**नोटः– कंदेली शापिंग काम्पलेक्स सिवनी मालवा सरल क्रमांक 22 दुकान न. 06 स्वीकृत होने पर मार्च 2025 तक का बकाया किराया 15 दिवस में जमा किया जाना अनिवार्य होगा।**

Scanned with OKEN Scanner

नोटः– दुकान आवंटन हेतु विस्तृत विवरण /नियम एवं शर्ते कार्यालयीन समय में अवकाश के दिनों को छोड़कर नगर पालिका की राजस्व शाखा में देखी जा सकती है। तथा विभाग की वेबसाईट WWW.mpurban.gov-In पर देखी जा सकती है।

1. कार्यालयीन कार्य की आवश्यकता अनुसार लिफाफा 'ए' एवं 'बी' खोलने का दिनांक व समय आगे बढाने का अधिकार मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।
2. निविदा खोलने की दिनांक को निविदाकार कार्यालय उपस्थित हो सकते है।
3. निविदा में किसी प्रकार का संशोधन केवल विभाग की वेबसाइड पर ही प्रकाशित किया जावेगा।

**नियम व शर्तेः–**

1. ऐसे व्यक्ति जो नगर पालिका परिषद सिवनी मालवा के बकायादार है या पूर्व में दुकान आवंटन प्रक्रिया में भाग लेने के बाद दुकानों का आवंटन अभी तक प्राप्त नही किया है वे सभी नीलामी प्रतिस्पर्धा में भाग लेने हेतु हकदार नही होगे।
2. निविदा प्रपत्र पर नगर पालिका परिषद कार्यालय में दिनांक 01/09/25 तक कार्यालयीन समय में नियत राशि 2000/– रुपये नगद भुगतान कर क्रय किया जा सकेगा, निविदा प्रपत्र की छायाप्रति मान्य नही की जावेगी।
3. पृथक–पृथक दुकान ऑफर हेतु पृथक–पृथक निविदा प्रपत्र एवं बैक ड्राफ्ट प्रस्तुत करना होगा।
4. नीलामी में भाग लेने हेतु अमानत राशि का बैंक ड्राफ्ट मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद् सिवनी मालवा के नाम बनावाकर निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. नीलामी मे प्राप्त उच्चतम आफरकर्ता द्वारा प्रस्तुत निविदा विचारणीय होगी किन्तु न्यूनतम निर्धारित आरक्षित राशि से कम होने पर निविदा स्वीकार योग्य नही होगी
6. निविदा ऑफर प्रस्तुत करने के पूर्व निविदा प्रपत्र की शर्तो को भली भांति पढकर ही ऑफर प्रस्तुत करे बाद में कोई आपत्ति स्वीकार्य नही होगा।
7. किसी भी निविदा को स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का अधिकार नगर पालिका परिषद के पास सुरक्षित रहेगा इसके संबंध में कोई कारण नही बताया जावेगा।

समय सारणी :–

| | | |
|---|---|---|
| 01 | निविदा प्रपत्र क्रय करने प्रारंभ दिनाक | :– 01/08/25 (प्रातः 11:00 बजे से) |
| 02 | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम दिनांक | :– 01/09/25 (शाम 06:00 बजे तक) |
| 03 | निविदा की हार्डकापी जमा करने की अंतिम दिनांक | :– 03/09/25 (शाम 06:00 बजे तक) |
| 04 | लिफाफा 'ए' खोलने की दिनांक | :– 04/09/25 (प्रातः 11:00 बजे से) |
| 05 | लिफाफा 'बी' खोलने की दिनांक | :– 05/09/25 (प्रातः 11:00 बजे से) |

पृ. क्रमांक 2474/रा./न.पा./2025

सिवनी मालवा दिनांक 22/7/25

प्रतिलिपि :–

1. संभागीय संयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास नर्मदापुरम संभाग के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
2. परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण नर्मदापुरम के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
3. कलेक्टर कार्यालय नर्मदापुरम के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
4. वेब कंटेट मैनेजर, संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास, भोपाल की ओर उक्त सूचना का प्रकाशन विभाग की वेबसाईट पर किये जाने हेतु प्रेषित।
5. अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिवनी मालवा के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
6. नगर पालिका परिषद सिवनी मालवा के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
7. सम्पादक दैनिक समाचार ..........................................की ओर एक दिवस सामाचार पत्र में प्रकाशन हेतु प्रेषित।

22/7

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका सिवनी मालवा

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
सिवनी मालवा

राजस्व प्रभारी
नगर पालिका सिवनी मालवा

उपाध्यक्ष
नगर पालिका सिवनी मालवा

अध्यक्ष
नगर पालिका सिवनी मालवा

Scanned with OKEN Scanner